## महत्वपूर्ण एवं खास

### 50 हजार की रिश्वत के साथ आरआई एसीबी के हत्थे चढ़ा

**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही (आरएनएस)।** एंटी करप्शन ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई करते हुए रिश्वत के आरोप में फरार चल रहे गौरेला तहसील के राजस्व निरीक्षक घनश्याम भारद्वाज को गिरफ्तार कर लिया है। एसीबी की टीम ने आरोपी को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गौरेला निवासी किसान रंजीत राठौर से कृषि भूमि का सीमांकन कराने के लिए 50 हजार रुपये की रिश्वत मांगी गई थी। मामले मे एसीबी पहले ही राजस्व निरीक्षक संतोष कुमार चंद्रसेन को 50 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। वह इस पूरे मामले में मध्यस्थता कर रहा था। शिकायतकर्ता ने बताया कि अधिकारी बिना पैसे के काम नहीं कर रहे थे, जिससे उन्हें महीनों चक्कर काटने पड़े। अंतत: परेशान होकर उन्होंने एसीबी से शिकायत की। जांच के बाद टीम नले भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए घनश्याम भारद्वाज को न्यायालय में पेश किया।

### राज्यपाल डेका को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया

**जशपुरनगर (आरएनएस)।** राज्यपाल रमेन डेका को जिला पंचायत में पुलिस बल के द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गए। इस अवसर पर कलेक्टर रोहित व्यास, पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह मौजूद रहे।

### आंगनबाड़ी में रिक्त पदों पर 5 मई तक मंगाए गए दावा-आपत्ति

**रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना, रायगढ़ (ग्रामीण)अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र भुईयापाली डीपापारा ग्राम पंचायत बेहरापाली में आंगनबाड़ी सहायिका के एक पद के लिए गत दिवस आवेदन मंगाए गए थे। प्राप्त आवेदनों का मूल्यांकन समिति द्वारा परीक्षण कर प्राविधिक/अनंतिम मूल्यांकन सूची परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है। उक्त सूची के संबंध में किसी भी आवेदिकाओं को कोई आपत्ति हो तो वे 25 अप्रैल से 5 मई 2025 सायं 5.30 बजे तक परियोजना अधिकारी कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना, रायगढ़ (ग्रामीण) में लिखित में दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति मान्य नहीं किया जाएगा।

### प्रीबीएड, डीएलएड और नर्सिंग कोर्स के प्रवेश परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 25 अप्रैल

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर ने आगामी सत्र से शुरू होने वाले कई प्रकार के कोर्स में एडमिशन हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया है। प्रीबीएड, प्रीडीएलएड, पोस्ट बेसिक नर्सिंग, बीएससी नर्सिंग और एमएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा के लिए 25 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया है। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर की वेबसाइट (व्यापमं डॉट सीजीस्टेट डॉट जीओव्ही डॉट इन) है।

### अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 25 अप्रैल

**सारंगढ बिलाईगढ़।** अग्निवीर भर्ती के लिए भारतीय सेना की वेबसाईट ज्वाइन इंडियन आर्मी डॉट एनआईसी डॉट इन में भर्ती के लिए 25 अप्रैल तक आनलाइन आवेदन किया जा सकता है। कक्षा आठवीं और दसवीं (हाईस्कूल) परीक्षा उत्तीर्ण योग्य युवाओं के लिए यह सुनहरा अवसर है। अग्निवीर की भर्ती जनरल ड्यूटी, तकनीकी स्टॉफ, क्लर्क, ट्रेडमेन, महिला सैन्य पुलिस और रेगुलर कैडर भर्ती, धर्मगुरू, नर्सिंग, सहयोगी, सिपाही, फार्मासिस्ट आदि श्रेणी में की जाएगी।

### शीघ्रलेखन एवं कम्प्यूटर मुद्रलेखन परीक्षा हेतु 27 अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** शीघ्रलेखन एवं कम्प्यूटर कौशल परीक्षा परिषद द्वारा आयोजित हिन्दी/अंग्रेजी शीघ्रलेखन एवं कम्प्यूटर मुद्रलेखन हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 22 अप्रैल से बढ़ाकर 27 अप्रैल 2025 कर दी गई है। दूरस्थ क्षेत्रों के अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु यह निर्णय लिया गया है। अब अभ्यर्थी 27 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकेंगे।

### सारंगढ़ में अनुसूचित जाति वर्ग के लिए निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण

सारंगढ़ बिलाईगढ़। छत्तीसगढ़ राज्य अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम नया रायपुर द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राहियों के लिए कौशल्य विकास प्रशिक्षण ट्रेड सेल्फ एंप्लॉयड टेलर (सिलाई) का 48 दिवसीय प्रशिक्षण सारंगढ़ में प्रारंभ किया जाना है, जिसमें आवेदन के लिए जिला अंत्यावसायी प्रशिक्षण केंद्र टीसीपीसी, राधा कृष्ण अस्पताल के सामने बिलासपुर रोड सारंगढ़ में प्रशिक्षिका सविता लहरे से संपर्क कर आवेदन प्राप्त कर सकते हैं और जमा कर सकते हैं।

# रायगढ़ में आईपीएल सट्टेबाजी रैकेट का भंडाफोड़ : कोतवाली और चक्रधरनगर क्षेत्र से 03 सटोरिए गिरफ्तार, 1.75 लाख रुपए नकद बरामद

**❐ गिरफ्तार आरोपियों ने सट्टा रैकेट से जुड़े कई और सटोरिए के नाम खोले, आरोपियों की धरपकड़ में जुटी पुलिस**

**रायगढ़**



साइबर सेल की टीम के साथ कोतवाली और चक्रधरनगर पुलिस ने आईपीएल क्रिकेट सट्टेबाजी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत गांजा चौक स्थित एक पान मशाला दुकान से आरोपी अमित अग्रवाल तथा डिग्री कॉलेज सब्जी मंडी के पास से दो आरोपी अंकित बानी और भरत कुमार रोहिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से रु.1,75,000 नकद और 3 मोबाइल जब्त किया है। आरोपियों के विरूद्ध थाना कोतवाली और चक्रधरनगर में छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के दिशा निर्देशन और सीएसपी आकाश शुक्ला, साइबर डीएसपी अनिल विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में, कल शाम साइबर सेल, थाना कोतवाली और थाना चक्रधरनगर की संयुक्त टीम ने शहर में बिछाये मुखबीरों से प्राप्त सूचना पर दो कार्रवाई की।

**पहली कार्रवाई: गांजा चौक में छापा**

कल शाम पुलिस को सूचना मिली कि गांजा चौक स्थित एक पान मशाला दुकान में मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के लाइव मैच के दौरान मोबाइल के माध्यम से बॉल-टू-बॉल सट्टा खिलाया जा रहा है। मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए साइबर सेल और कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने आरोपी अमित अग्रवाल पिता स्व0 रमेश अग्रवाल उम्र 36 वर्ष साकिन गांजा चौंक रायगढ को रंगे हाथों सट्टा खिलाते हुए पकड़ा। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह अपने साथियों—1. शहबाज निवासी तुर्कापारा 2. मोह. मजहर निवासी तुर्कापारा 3. फारूख निवासी तुर्कापारा 4. एजाज अहमद उर्फ मन्नु निवासी बीडपारा 5. धर्मेन्द्र शर्मा निवासी कोतरारोड 6. मोनू भूटानी निवासी सिंधी कालोनी 7. अंकित पानी उर्फ बाबू निवासी गांजा चौक 8.भरत रोहिला निवासी हटरी चौक—के साथ मिलकर ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा चला रहा था। आरोपी ने बताया कि ये लोग विभिन्न स्थानों से मोबाइल फोन के माध्यम से सट्टा ID साझा कर सट्टेबाजी करते थे। आरोपी के पास से एक वीवो कंपनी का एंड्रॉयड मोबाइल और रु.1,20,000 नकद जब्त किए गए। कोतवाली पुलिस ने के खिलाफ थाना कोतवाली में छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 7 के तहत मामला दर्ज किया है।

**दूसरी कार्रवाई: डिग्री कॉलेज सब्जी मंडी के पास छापा**

थाना चक्रधरनगर क्षेत्र अंतर्गत मुखबीर के बताये स्थान डिग्री कालेज सब्जी मंडी पर कल शाम थाना चक्रधरनगर और साइबर सेल की टीम ने मोबाईल से आन लाईन क्रिकेट सट्टा खिलाते दो व्यक्तियों को पकड़ा जिनसे पूछताछ पर अपना नाम - अंकित बानी पिता कालीचरण बनी उम्र 28 वर्ष साकिन गांजा चौक बहिदारपारा थाना कोतवाली रायगढ़ एंव दुसरा व्यक्ति भरत कुमार रोहिला पिता स्व सुरेश रोहिला उम्र 40 वर्ष साकिन हठरी चौक दानीपारा थाना कोतवाली होना बताया। अंकित बानी के पास से रियलमी नारजो N55 मोबाइल और रु.30,000 नकद, जबकि भरत कुमार रोहिला के पास से ओप्पो A17 मोबाइल और रु.25,000 नकद जब्त किए गए।। आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे आन लाईन क्रिकेट सट्टा लिंक के माध्यम से आनलाईन सट्टा खिलाते है जिनके मोबाइल पर इसका लेखा जोखा मिला। आरोपियों ने अपने अन्य साथीगण शहबाज, मोहम्मद मजहर, फारूख, एजाज अहमद उर्फ मन्नु, धर्मेंद्र शर्मा, मोनू भूटानी और अमित अग्रवाल के साथ मिलकर मोबाईल में लिंक के माध्यम से रूपये पैसे का दाव लगाकर आनलाईन सट्टा खिलाना बताया गया।

गिरफ्तार तीनों आरोपियों से रु.1,75,000 नकद और 3 मोबाइल जब्त किया है, इनके खिलाफ थाना कोतवाली और चक्रधरनगर में छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 7 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक सुखनंदन पटेल, अमित शुक्ला, उप निरीक्षक गेंद लाल साहू, सहायक उप निरीक्षक गौतम ठाकुर, साइबर सेल स्टाफ आरक्षक महेश पंडा, रविंद्र गुप्ता, प्रशांत पंडा, पुष्पेंद्र जाटवर नवीन शुक्ला, धनंजय कश्यप, प्रताप बेहरा और सुरेश सिदार की अहम भूमिका रही। पुलिस की आमजन से अपील की है कि वे इस प्रकार की अवैध गतिविधियों की सूचना पुलिस को दें। रायगढ़ पुलिस जिले में अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने प्रतिबद्ध है।

## खंड चिकित्सा अधिकारियों की समीक्षा बैठक में राष्ट्रीय कार्यक्रमों के संबंध में की गई चर्चा

**रायगढ़**




मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अनिल कुमार जगत की अध्यक्षता में सीएमएचओ कार्यालय के आरोग्यम् सभा कक्ष में मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें राष्ट्रीय कार्यक्रम की बिंदुवार गहनता से चर्चा करते हुए सिकलसेल, आयुष्मान, वय वंदना योजना, कायाकल्प में चिन्हित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रो का मूल्यांकन, मलेरिया, टीकाकरण, फाइलेरिया उन्मुलन कार्यक्रम को माप अप राउंड दवा खिलाना, शिशु मृत्यु, मातृ मृत्यु को कम करने, गर्भनिरोधक स्थायी व अस्थायी साधन जैसे कार्यक्रमों से संबंध में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

सीएमएचओ डॉ.जगत ने टी.बी. कार्यक्रम अंतर्गत निक्षय-निरामय छत्तीसगढ़ के समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों के लक्ष्य अनुरूप शत प्रतिशत कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने, हाईरिस्क गर्भवती माताओं के फालोअप, खान-पान, दवा (आयरन कैल्शियम) काउंसिलिंग करने के लिये निर्देशित किया गया। साथ ही सुशासन तिहार-2025 के संबंध में आवश्यक चर्चा करते हुए प्राप्त आवेदनों का गंभीरतापूर्वक त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सिविल सर्जन एवं जिला के समस्त नोडल अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, समस्त खंड चिकित्सा अधिकारी, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक, बी.ई.टी.ओ., बी.डी.एम. सहित अन्य विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर ग्राम पंचायत तमनार के ग्रामीणों से मुख्यमंत्री ने किया सीधा संवाद

**❐ जिले में ग्राम स्तर पर 72 अटल डिजिटल सुविधा केंद्र की हुई शुरुआत**

**रायगढ़**

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं डिप्टी सीएम एवं पंचायत मंत्री विजय शर्मा ने प्रदेश के ग्रामीणों को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान उन्होंने प्रदेश के विकास में पंचायतों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए चयनित ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों से सीधा संवाद भी किया। जिसमें रायगढ़ जिले के जनपद पंचायत तमनार के जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों से भी सीधा संवाद किया। मुख्यमंत्री साय ने महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों से योजना के सुचारू क्रियान्वयन, आर्थिक एवं सामाजिक लाभ पर चर्चा की। साथ ही मुख्यमंत्री ने अपने 20 वर्षीय सांसद के कार्यकाल में रायगढ़ की जनता का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में ग्राम स्तर पर अटल डिजिटल सुविधा केंद्र की भी शुरुआत की गई, जिसमें सीएससी की सेवाओं के साथ वित्तीय समावेशन सेवाएं भी साथ में चालू की गई। जिसके तहत नगद आहरण, राशि हस्तांतरण, बीमा, पेंशन, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, विवाह पंजीयन आदि सुविधाएं प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री साय द्वारा मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत जल संरक्षण हेतु संकल्प एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। प्रदेश स्तर पर 1460 एवं जिले में ग्राम स्तर पर 72 अटल डिजिटल सुविधा केंद्र की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में शामिल डिप्टी सीएम एवं पंचायत मंत्री विजय शर्मा ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर प्रदेश वासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी साथ ही ग्रामीण विकास हेतु अपनी प्रतिबद्धता जताई। राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर जिले के सभी ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बिहार के मधुबनी से उद्बोधन का सीधा प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य रमेश बेहरा, जनपद पंचायत तमनार अध्यक्ष जागेश सिदार, ग्राम पंचायत सरपंच गुलापी सिदार, उप संचालक पंचायत नीलाराम पटेल, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी महेश पटेल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत तमनार संजय चंद्रा एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।





## 98 मवेशियों को तस्करी से बचाया गया : रायगढ़ पुलिस की मवेशी तस्करों पर ताबड़तोड़ कार्यवाई, 7 तस्कर गिरफ्तार

**रायगढ़**



रायगढ़ जिले में पशु तस्करी पर शिकंजा कसते हुए पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन में एक बार फिर तस्करों के मंसूबों पर पानी फेर दिया है। कल 23 अप्रैल को जिले के तीन अलग-अलग इलाकों में की गई कार्यवाहियों में कुल 98 मवेशियों को मुक्त कराया गया, 7 तस्करों को गिरफ्तार किया गया।

**जोबी पुलिस ने 7 तस्करों को दबोचा 63 मवेशियों को कराया मुक्त**

पुलिस चौकी जोबी प्रभारी सहायक उप निरीक्षक लक्ष्मी राठौर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पहली कार्रवाई दौरान जोबी जंगल क्षेत्र में दबिश दी। यहां दिलहरण यादव (31) और छेडु साहू (60) नामक दो आरोपी बिना दस्तावेज, चारा-पानी के मवेशियों को डंडों से पीटते हुए जंगल में ले जाते हुए पकड़े गए। इनके कब्जे से 22 मवेशी, कीमत करीब रु.1,10,000 जब्त किए गए।

ग्राम काफरमार के पीछे छेराबंदी कर रेड करने पर 05 व्यक्ति कृषक पशुओं को मारते पीटते रस्सी से बांधकर हांकते ले जाते मिले जिन्हे पकडकर पुछताछ करने पर अपना नाम रिकी काठे पिता रामलाल उम्र 38 साल, तोरन टण्डन पिता मंगल राम उम्र 40 साल, मनहरण कुमार टण्डन पिता बाबुलाल उम्र 27 साल, गणेश कुर्रे पिता छेदी उम्र 50 साल सभी निवासी वार्ड नं0 कसेरपारा सक्ती, भुरू सतनामी वार्ड नं0 01 कसेरपारा सक्ती बताये जिनके कब्जे से कुल 41 नग मवेशी जुमला कीमती 2 लाख रूपया को मुक्त कराया गया।

आरोपियों के विरुद्ध थाना खरसिया (चौकी जोबी) में अप.क्र. 230/2025 एवं 231/2025 छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम की धारा 6 और 10 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

**रैरूमाखुर्द चौकी की कार्रवाई: तस्करों से 35 मवेशियों को कराया मुक्त**

उप निरीक्षक मानकुंवर सिदार के नेतृत्व में, रैरूमाखुर्द पुलिस ने माझापारा-चरखापार मार्ग के जंगल क्षेत्र में मवेशी तस्करी की सूचना पर दबिश दी। पुलिस की कार्रवाई के दौरान तस्कर अंधेरे का लाभ उठाकर जंगल की ओर भाग गये। पुलिस ने 35 मवेशियों को मुक्त कराया, जिनकी अनुमानित कीमत रु.1,50,000 है। इस मामले में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध थाना धरमजयगढ़ (चौकी रैरूमाखुर्द) में अप.क्र. 108/2025 छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, और 10 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

**पुलिस की अपील**

रायगढ़ पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि यदि उन्हें मवेशी तस्करी या पशु क्रूरता से संबंधित कोई जानकारी प्राप्त होती है, तो वे तुरंत पुलिस को सूचित करें। मवेशियों की तस्करी और उनके प्रति क्रूरता को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## टीबी निश्चय निरामय सह विशाल स्वास्थ्य शिविर में 645 मरीजों का किया गया पंजीयन



**रायगढ़**

विकास खंड धरमजयगढ़ के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छाल में स्वास्थ्य विभाग एवं एसईसीएल रायगढ़ के सौजन्य से आरकेएचआईवी रिसर्च एवं केयर सेंटर मुंबई द्वारा टीबी निश्चय निरामय सह विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 645 मरीजों का पंजीयन किया गया। जिसमें 395 बीपी शुगर जांच किया गया। वही 22 टीबी संदेहास्पद, 9 बुखार, 27 एएनसी जांच किए गए शेष अन्य रोग जांच कर एवं दवा वितरण किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अनिल कुमार जगत, जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉ जय कुमारी चौधरी, विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ बी एल भगत, एसईसीएल रायगढ़ के अनिरुद्ध अनिरुद्ध सिंह, जनरल मैनेजर मिश्रा, सहायक जनरल मैनेजर डॉ गजानन साहू, डॉ पूजा, चिकित्सा अधिकारी एवं आर के एचआईवी केयर एंड रिसर्च सेंटर से प्रोजेक्ट हेड योगिता बोरकर सहित अन्य स्वास्थ्य विभाग के अन्य स्टॉफ उपस्थित रहे।

## बड़े भंडार में दिव्यांगजनों के लिए आयोजित हुआ शिविर

**❐ दिव्यांग जनों का चिन्हांकन, आंकलन कर बनाए जा रहे यूडीआईडी कार्ड**

**रायगढ़**



विकास खंड पुसौर के ग्राम पंचायत बड़े भंडार के स्वास्थ्य केन्द्र में दिव्यांग जन शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर के निर्देशानुसार समाज कल्याण विभाग के द्वारा जिले के सभी जनपदों में कलस्टर वार दिव्यांग जनों की सुविधा के लिए दिव्यांग जनों का चिन्हाकन, आंकलन यूडीआईडी कार्ड बनाने हेतु शिविर लगाया जा रहा है। उक्त शिविर में जिला चिकित्सा के विशेषज्ञ टीम भी पहुँच रही हैं। सभी प्रकार के दिव्यांग जन आ रहे हैं और अपना पंजीयन करवा रहे हैं।

समाज कल्याण विभाग के अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा 21 प्रकार की दिव्यांगता पर प्रकाश डालते हुए लोगों को जानकारी दी जा रही हैं। साथ ही नशा मुक्त भारत अभियांन अभियान कार्यक्रम के तहत उपस्थित जन समूह को नशा खोरी से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए ये बताया जा रहा है कि दिव्यांगता सिर्फ जन्म से ही नहीं आती हैं, बल्कि नशे के आदी व्यक्तियों को अत्यधिक मात्रा में नशा खोरी करने पर शरीर के कई हिस्से शिथिल होकर काम करना बन्द कर देता हैं। इसके अलावा नशा करके वाहन चलाते हुए दुर्घटना के शिकार हो कर भी अपने शरीर के हिस्से को गँवा देते हैं और जिन्दगी भर दिव्यांग बन कर जीवन जीने के लिए मजबूर हो जाते हैं। इस दौरान नशा मुक्त भारत अभियान की सफलता के लिए शपथ ग्रहण भी करवाया गया। पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम अभियान के तहत भी लोगों को जागरूक करते हुए शपथ ग्रहण करवाया गया।

## कृषि में नवाचार, ऑयल पाम की खेती ने बदली कैलाश शर्मा की किस्मत

**❐ 3 लाख रुपए से अधिक की आय हुई अर्जित, अन्य किसानों के लिए बने प्रेरणास्त्रोत**

**रायगढ़**



आज के समय में जब पारंपरिक खेती किसानों के लिए चुनौती बन रही हैं, वहीं कुछ प्रगतिशील किसान नवाचार और सरकारी योजनाओं को अपनाकर उन्नति के नए रास्ते खोल रहे हैं। ऐसे ही किसान है विकासखण्ड तमनार के ग्राम-छिंदभौना के कैलाश शर्मा। जिन्होंने परंपरागत कृषि से अलग ऑयल पाम की खेती को अपनाकर न सिर्फ अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाया, बल्कि आसपास के अन्य किसानों के लिए प्रेरणास्त्रोत बने है।

वर्ष 2018-19 में कैलाश शर्मा ने उद्यानिकी विभाग के मार्गदर्शन एवं सहयोग से नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल (ऑयल पाम) के अंतर्गत 5 हेक्टेयर भूमि में पौधारोपण किया। नियमित देखरेख और परिश्रम का परिणाम यह रहा कि वर्तमान वर्ष में उन्हें 24 हजार 433 किलोग्राम एफ.एफ.बी.का उत्पादन प्राप्त हुआ, जिससे 3 लाख 43 हजार 800 की आय अर्जित हुई।

इसका परिणाम यह हुआ कि शर्मा की इस सफलता से प्रेरित होकर उनके परिवार के अन्य 4 सदस्यों ने भी ऑयल पाम रोपण की दिशा में कदम बढ़ाया और वर्ष 2019-20 में रोपण रकबा बढ़ाकर कुल 7.6 हेक्टेयर में हो गया। उनकी प्रगतिशील सोच और मेहनत को देखकर आसपास के विकासखण्डों और जिले के अन्य किसान भी उनके खेतों का भ्रमण करने लगे, जिससे अन्य किसानों में भी योजना के प्रति उत्साह बढ़ने लगा। शर्मा के खेत को मॉडल के रूप में इस्तेमाल करते हुए वर्ष 2024-25 में विकासखण्ड लैलूंगा के कृषकों को उनके प्रक्षेत्र में विषय-विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इसका परिणाम यह हुआ कि आज इन क्षेत्रों में लगभग 24 हेक्टेयर क्षेत्र में ऑयल पाम का पौधारोपण किया गया।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480